◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

RAJASTHAN | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 21 नवम्बर 2026

राजनीति

हनुमंत सिंह जी ने पंचायत समिति बड़ी सादड़ी के वार्ड-5 में शानदार जीत हासिल की



पंचायत समिति बड़ी सादड़ी के वार्ड-5 में स्थानीय चुनाव हुए, जिसमें हनुमंत सिंह जी ने स्पष्ट बहुमत से जीत हासिल की।

यह जीत पंचायत समिति के कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि वार्ड-5 में विकास कार्यों की अपेक्षाएँ अधिक हैं।

हिंसक या विवादास्पद घटनाओं की कोई सूचना नहीं मिली, और सभी पक्षों ने परिणाम को शांति-पूर्वक स्वीकार किया।

विजेता हनुमंत सिंह जी ने अपने विजयी अभियान में ग्रामीण विकास, जलसंधारण और बुनियादी सुविधाओं के सुधार पर जोर दिया था, जो अब उनके कार्यकाल में प्राथमिकता बनेंगे।

— Babu Mandawat बड़ीसादड़ी

फागी में कांग्रेस प्रत्याशी कैलाश चंद चौधरी की जीत पर समर्थकों ने मनाया जश्न

जयपुर जिले की फागी तहसील में पंचायत समिति फागी के वार्ड नंबर 3 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री कैलाश चंद चौधरी की जीत को लेकर समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। जीत की खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस जीत को कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रह

— Banwari Lal Choudhary, जयपुर

ग्राम कारोली पंचायत का थमा विवाद, मुख्यालय कारोली गाँव पर ही रहेगा

ग्राम कारोली पंचायत का थमा विवाद, मुख्यालय कारोली गाँव पर ही रहेगा आबूरोड से ब्यूरो रिपोर्ट चन्दन सिंह राव : हामुख्य कार्यकारी अधिकारी सिरोही ने जारी किया आदेश, सात दिन में विकास अधिकारी आबूरोड सोपेंगे तथ्यात्मक रिपोर्ट नवसर्जित ग्राम पंचायत कारोली चुनाव के उपरांत सरपंच व उपसरपंच

— Chandan Singh

मलारना डूंगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस को बहुमत: 17 वार्डों में से 15 पर जीत हासिल की, भाजपा को 2 सीट ें मिली



पंचायत चुनाव के तहत जिला मुख्यालय पर जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों परिणाम घोषित हो गए हैं।

मलारना डूंगर पंचायत समिति में कुल 17 वार्ड हैं। वार्ड 10 और 11 मे ं भाजपा पहले ही जीत चुकी है। इन वार्डों में भाजपा के 15, कांग्रेस के 15 और अन्य दलों के 11 प्रत्याशी

मलारना डूंगर पंचायत समिति में जिला परिषद सदस्य के तीन वार्ड हैं। इन वार्डों मे ं भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों के प्रत्याशियों के लिए मतदान हुआ।

— Vipin Singhal

स्थानीय

जालौर के काकरिया वास में बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



शुक्रवार शाम को जालौर के काकरिया वास में बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

उत्सव में स्थानीय श्रद्धालु और भक्तों ने एकत्रित होकर धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन का आयोजन किया।

इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम के जीवन और शिक्षाओं को याद करते हुए, समाज के सभी वर्गों के लोग एक साथ आकर आस्था और एकजुटता का संदेश दिया।

— Kamlesh

आम आदमी पार्टी के रामू अठवाल ने रैनी पंचायत समिति से दर्ज की शानदार जीत



आम आदमी पार्टी के रामू अठवाल ने रैनी पंचायत समिति से दर्ज की शानदार जीत

अलवर, राजस्थान।आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रामू अठवाल ने रैनी पंचायत समिति से जीत दर्ज कर पार्टी का परचम लहराया है। उनकी यह जीत स्थानीय जनता के विश्वास, संघर्ष और जनसमर्थन का प्रतीक है।राजस्थान में आम आदमी पार्टी ने पंचायत चुनावों में कुल 2 सीटों पर जीत दर्ज की है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण सीट अलवर जिले की रैनी पंचायत समिति की है। विशेष बात यह है कि बिना धन बल के यह जीत हासिल करना संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत, प्रत्याशी के संघर्ष और जनता के भरोसे को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष जगन्नाथ गोयल ने कहा कि रामू अठवाल की यह जीत साबित करती है कि यदि कार्यकर्ता समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ जनता के बीच काम करें, तो सीमित संसाधनों के बावजूद सफलता हासिल की जा सकती है आम आदमी पार्टी रामू अठवाल को इस शानदार जीत के लिए बधाई देती है और उम्मीद करती है कि वे जनता की समस्याओं, विकास एवं जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र की आवाज पंचायत में मजबूती से उठाएंगे।यह जीत जनता की जीत है, संघर्ष की जीत है और बदलाव की उम्मीद की जीत है।

— Rohitash Kumar, अलवर

स्थानीय

ग्राम पंचायत पारलिया में वार्ड दो के राजेन्द्र गूजर बने उपसरपंच



ग्राम पंचायत पारलिया के वार्ड दो से वार्ड पंच राजेन्द्र गूजर ने उपसरपंच पद के चुनाव में जीत हासिल की, जिससे पूरे गांव में खुशी का माहौल बना।

उपसरपंच पद की घोषणा के बाद राजेन्द्र गूजर ने वार्ड दो के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया और उनके सहयोग के बिना यह जीत संभव नहीं होती, इस बात पर बल दिया।

गांववासियों ने भी नई नियुक्ति को सराहा और भविष्य में विकास कार्यों में सहयोग करने का आश्वासन दिया। वार्ड नंबर 2 मे विकास कार्य प्रारंभ करने का का वादा किया ओर समस्त ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि विकास कार्य कभी रूकने नही देगे

— Ganshyam Garg

राजनीति

पारलिया ग्राम पंचायत में सरपंच पद की जीत: प्रेम बाई मीणा ने 130 वोटों से तय किया



पारलिया ग्राम पंचायत में आयोजित सरपंच पद के चुनाव में उम्मीदवार श्रीमती प्रेम बाई मीणा ने 130 वोटों से जीत हासिल कर पद की घोषणा को निश्चित किया।

परिणाम की घोषणा के बाद प्रेम बाई मीणा ने सभी ग्रामवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपने समर्थन के बिना यह सफलता संभव नहीं होती।

विजेता ने आगे बताया कि वह ग्राम विकास के कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाएंगी और ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगी।

— Ganshyam Garg

नोखा में फोनपे ऑटो पे ठगी से 1.76 लाख रुपये चोरी



नोखा कस्बे में फोनपे ऑटो पे सुविधा का दुरुपयोग कर एक व्यक्ति के एसबीआई और केनरा बैंक खातों से कुल 1,76,950 रुपये की ठगी हुई है। यह राशि 13 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 7 नवंबर के बीच निकाली गई।

केनरा बैंक खाते से दो नवंबर को रात 9:49 बजे 27,000 रुपये तथा रात 10:03 बजे 30,000 रुपये निकाले गए। उसी दिन 7 नवंबर को 2,190 रुपये, 3,190 रुपये और 3,190 रुपये के तीन ट्रांजेक्शन किए गए, जिससे कुल 65,570 रुपये की ठगी हुई। एसबीआई खाते से दो नवंबर को 30,000 रुपये, पांच नवंबर को 33,190 रुपये तथा छह नवंबर को 48,190 रुपये ट्रांसफर किए गए, जिससे कुल 1,11,380 रुपये की ठगी हुई।

पोर्टकराम जाट ने 20 नवंबर को नोखा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। रिपोर्ट में बताया गया कि दोनों खातों से जुड़े मोबाइल नंबर पर फोनपे की ऑटो पे सुविधा सक्रिय थी, जिसका दुरुपयोग अज्ञात ठगों ने किया।

पीड़ित ने पुलिस से ठगी गई राशि ब्याज सहित वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जांच एसआई नरेश कुमार को सोपी गई है और पहले ही सीसीटीएनएस के माध्यम से जीरो एफआईआर भी प्राप्त हुई थी।

— Debu Ram

राजनीति

पारलिया ग्राम पंचायत के वार्ड-15 सदस्य ने कांग्रेस के किशन लाल गूजर की जीत पर बधाई व्यक्त की



पारलिया ग्राम पंचायत के वार्ड-15 के सदस्य ने किशन लाल गूजर को चुनाव जीतने पर बधाई व्यक्त की। उन्होंने जीत की खुशी साझा करते हुए स्थानीय लोगों को भी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करने को कहा।

किसनलाल गूजर ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और मतदाताओं के समर्थन से जीत हासिल की। इस जीत से ग्राम पंचायत पारलिया

में कांग्रेस की स्थिति मजबूत हुई।

वार्ड-15 के सदस्य ने इस अवसर पर कहा कि किशन

लाल गूजर की जीत से स्थानीय विकास कार्यों में गति आएगी और जनता के हित में नीतियों को आगे बढ़ाया जाएगा।

— Ganshyam Garg

स्थानीय

जालोर में जिला परिषद चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न



20 नवम्बर, जालोर में पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद के सदस्यों की मतगणना शुक्रवार को वीर वीरम देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हुई।

वार्ड संख्या 1 से केमल देवी, वार्ड संख्या 2 से मीर मोहम्मद, वार्ड संख्या 3 से पुखराज चौधरी, वार्ड संख्या 4 से हरदानाराम, वार्ड संख्या 5 से मालाराम, वार्ड संख्या 6 से नरसी, वार्ड संख्या 7 से स्वाति विश्नोई, वार्ड संख्या 8 से ममता, वार्ड संख्या 9 से जसी, वार्ड संख्या 10 से दलीप कुमार, वार्ड संख्या 11 से छगन, वार्ड संख्या 12 से वर्षा देवी, वार्ड संख्या 13 से दानाराम, वार्ड संख्या 14 से विमला देवी, वार्ड संख्या 15 से कमला देवी, वार्ड संख्या 16 से पार्वती, वार्ड संख्या 17 से छगनी, वार्ड संख्या 18 से जबराराम, वार्ड संख्या 19 से लक्ष्मी, वार्ड संख्या 20 से कान्तिलाल, वार्ड संख्या 21 से डुंगराराम, वार्ड संख्या 22 से चंपा, वार्ड संख्या 23 से रेवी देवी, वार्ड 24 से मूल सिंह, वार्ड 25 से आसुराम, वार्ड 26 से करमीराम चौधरी, वार्ड 27 से लक्ष्मी देवी, वार्ड 28 से सूरज कंवर, वार्ड 29 से प्रियंका कंवर, वार्ड 30 से प्रदीप सिंह, वार्ड 31 से कुपाराम, वार्ड 32 से पवनी देवी, वार्ड 33 से माफी देवी, वार्ड 34 से भेराराम, वार्ड संख्या 35 से संतोष कंवर खिंची, वार्ड 36 से जशोदा, वार्ड 37 से मिश्रीलाल, वार्ड 38 से गीता, वार्ड 39 से गीता मेघवाल, वार्ड 40 से दीपाराम, वार्ड 41 से करनाराम, वार्ड 42 से नींबाराम व वार्ड 43 से लीलाराम निर्वाचित हुए।

इस शांतिपूर्ण मतगणना से यह स्पष्ट हुआ कि जालोर में चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित रही, जिससे मतदाताओं और उम्मीदवारों दोनों को विश्वास मिला।

— Jabraram

राजनीति

भाजपा प्रत्याशी सुनीता भाटी ने रामदेवरा पंचायत समिति के खंड-2 में जीत दर्ज की, भादरिया में जश्न



रामदेवरा पंचायत समिति के खंड-2 से भाजपा प्रत्याशी सुनीता भाटी ने चुनाव परिणाम घोषित होते ही जीत दर्ज की, जिससे स्थानीय स्तर पर राजनीतिक माहौल में महत्वपूर्ण बदलाव आया।

जीत की सूचना मिलने पर भादरिया गाँव में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक तुरंत इकट्ठा हुए। उन्होंने पटाखे फोड़कर, मिठाई बाँटकर और एक-दूसरे को मुंह मीठा करवाकर खुशी का इजहार किया।

गाँव में पूरे दिन चुनाव परिणाम को लेकर चर्चा जारी रही, जहाँ लोग जीत की बधाई देते हुए भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श कर रहे थे।

— Swaroop Singh

सुमेरपुर में 10 साल बाद, सुमेरपुर पंचायत समिति में कांग्रेस की सत्ता में वापसी। कैबिनेट मंत्री जोरा राम कुमावत के गृह क्षेत्र में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। पंचायत समिति के कुल 21 वार्डों में कांग्रेस ने 14 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की



सुमेरपुर में 10 साल बाद, सुमेरपुर पंचायत समिति में कांग्रेस की सत्ता में वापसी। कैबिनेट मंत्री जोरा राम कुमावत के गृह क्षेत्र में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। पंचायत समिति के कुल 21 वार्डों में कांग्रेस ने 14 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की, जबकि भाजपा महज 4 सीटों पर सिमट गई। वहीं 3 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल की। पिछले 10 साल से यहाँ प्रधान पद पर भाजपा का कब्जा था, लेकिन इस बार ग्रामीणों ने अपना जनादेश कांग्रेस के पक्ष में दिया। कांग्रेस नेता हरिशंकर मेवाड़ा और ब्लॉक अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा के नेतृत्व में कांग्रेस ने चुनावी मैदान में मजबूती से प्रचार किया। बिजली, पानी, सड़क, बजरी और अवैध खनन जैसे मुद्दे चुनाव में छाए रहे। इधर कांग्रेस की बाड़ाबंदी में नेताओं ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी और जीत का जश्न मनाया। वहीं कांग्रेस नेता हरिशंकर मेवाड़ा के पुत्र रवि मेवाड़ा ने जिला परिषद के वार्ड संख्या 9 से शानदार जीत दर्ज की। जीत के बाद सुमेरपुर पहुँचने पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं और आतिशबाजी के साथ धूमधाम से स्वागत किया।

— NARAYAN LAL

जिला युवा महोत्सव में कला दिखाने का मौका, 5 विधाओं में होंगे मुकाबले, 15 से 29 साल के युवा ले सकेंगे हिस्सा



करौली | युवाओं को अपनी कला और सांस्कृतिक प्रतिभा दिखाने के लिए जिला स्तर से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का मौका मिलेगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत केंद्र करौली की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD)-2027 के तहत जिला युवा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा पांच अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा। जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन राजकीय कन्या महाविद्यालय, करौली में किया जाएगा। प्रतियोगिता में समूह लोक नृत्य, लोक गीत, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक (समूह) और कविता लेखन की श्रेणियां रखी गई हैं। प्रतियोगिताओं के विषय विकसित भारत @2047 और नशा मुक्त भारत होंगे। युवा अपनी प्रस्तुतियों के जरिए भारतीय संस्कृति, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण का संदेश देंगे। महोत्सव का राष्ट्रीय चरण 11 और 12 जनवरी 2027 को नई दिल्ली में प्रस्तावित है। इसमें देशभर के प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्रीय मंच पर अपनी

— Vipin Singhal

बालिकाओं ने बताई भविष्य की आकांक्षाएं



बालिकाओं ने रंगों और चित्रों के जरिए अपने अधिकारों, सपनों, और भविष्य की आकांक्षाओं को कागज पर उकेरा। मौका था बाल अधिकार सप्ताह के तहत फुलवाड़ा बालिका विद्यालय में आयोजित जागरूकता सत्र का।

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से जन साहस सोसायटी

की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा, और समान अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 'मेरा दिन, मेरे अधिकार, मेरा भविष्य' थीम पर चित्रकला गतिविधि आयोजित की गई। इसमें बालिकाओं ने अपनी कल्पनाओं और विचारों को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। किसी ने अपने सपनों को चित्रों में दर्शाया। किसी ने शिक्षा, सुरक्षा, और अधिकारों को अपनी रचनाओं का विषय बनाया। जागरूकता सत्र में बाल अधिकार, बालिकाओं की शिक्षा, समान अवसर, सुरक्षा, और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा

— Vipin Singhal

देवउठनी एकादशी आज... करौली जिले में 400 से अधिक शादियों की धूम



देवउठनी एकादशी के साथ ही चार महीने से मांगलिक आयोजनों पर लगा विराम खत्म होने जा रहा है। इसके साथ ही करौली जिले में शादियों की धूम शुरू होगी। जिले में देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाले विवाह सीजन में 400 से अधिक शादियां होने का अनुमान है। शादियों के आयोजन से केवल मैरिज होम, होटल और टेंट व्यवसाय ही नहीं, बल्कि किराना, सराफा, कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, फूल-माला, कैटरिंग, हलवाई, बैंड-बाजा, घोड़ी और फोटोग्राफी सहित 30 से अधिक छोटे-बड़े कारोबारों को फायदा मिलने की उम्मीद है।

शादी समारोहों में परिवारों की ओर से मेहमानों के स्वागत, भोजन, सजावट, आभूषण, कपड़े और घरेलू सामान पर खर्च किया जाएगा। जिले में एक सामान्य शादी पर 5 से 15 लाख रुपए तक का खर्च मानें तो 400 शादियों के आयोजन से करीब 20 से 60 करोड़ रुपए तक का कुल खर्च बाजार में आने की संभावना बनती है। दैनिक भास्कर, जयपुर,

शुक्रवार, 20 नवंबर

— Vipin Singhal

पीएम आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



कास | सवाई माधोपुर | जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित कासनिया ने गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के संबंध में पंचायत समिति सवाई माधोपुर की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संबंधित ग्राम सचिवों को योजना के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नियमानुसार समय पर आवास निर्माण की किस्तें जारी करवाना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने सभी ग्राम सचिवों को व्यक्तिगत रुचि लेकर लंबित आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। योजना के लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह, पंचायत समिति सवाई माधोपुर के विकास अधिकारी रमेश चंद्र मीणा, आवास प्रभारी, संबंधित अधिकारी, तथा कार्मिक उपस्थित थे

— Vipin Singhal

करौली में मर्डर मामले में 4 बदमाश गिरफ्तार: 10-10 हजार का इनाम था घोषित, टोल नाके पर दबोचा, 3 आरोपी पहले हो चुके अरेस्ट



करौली में कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने सीएलजी और युवा सीएलजी सदस्यों की सूचना पर आमनकापुरा के रॉयल्टी टोल नाके से उन्हें पकड़ा। मामले में 3 आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके हैं।

एसपी लोकेश सोनवाल ने बताया कि कार्रवाई एएसपी रामकुमार कस्वां और वृत्ताधिकारी किशोर सिंह की निगरानी में हुई। कोतवाली थाना प्रभारी विनोद सामरिया ने टीम का नेतृत्व किया। गिरफ्तारी में डीएसपी किशोर भदोरिया और कोतवाली थाने की टीम की भूमिका रही।

गिरफ्तार आरोपियों में साजिद खान उर्फ दिल्लू (35), गुलफाम खान (31), बबली उर्फ नईम (45) और ओसामा उर्फ मोहम्मद हुसामा (25) शामिल हैं। चारों करौली के चटीकना इलाके में बागुर वाली मस्जिद के पास कौआ खो के रहने वाले हैं।

— Vipin Singhal

देवउठनी एकादशी पर अंजनी माता मंदिर में लगा मेला: हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मांगी खुशहाली; कान के रोग से राहत के लिए चढ़ाए सरकंडे के तीर



देवउठनी एकादशी पर शुक्रवार को करौली-हिंडौन मार्ग पर त्रिकूट पहाड़ी स्थित अंजनी माता मंदिर में वार्षिक मेला लगा। हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मनौती मांगी। इसी दिन करौली शहर ने अपना 677वां स्थापना दिवस

भी मनाया।

पांचना बांध के पास पहाडी पर स्थित अंजनी माता मंदिर राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल है। इसे राजस्थान का इकलौता ऐसा मंदिर माना जाता है, जहां माता अंजनी बाल हनुमान को गोद में लेकर बैठी हैं और उन्हें दूध पिला रही हैं। मंदिर में बाल हनुमान की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहती है।

मंदिर में सरकंडे का तीर चढ़ाते हैं श्रद्धालु मान्यता है कि अंजनी माता यदुवंश की जादौन शाखा की कुलदेवी हैं। यदुवंश के अर्जुनदेव ने करीब 1327 से 1348 ईस्वी के बीच मंदिर बनवाया था। इसके बाद 1348 ईस्वी में देवउठनी एकादशी के दिन करौली शहर की स्थापना हुई

— Vipin Singhal

जोड़ों की शादी: वीणा शिक्षा संकुल में हुआ आयोजन, जनप्रतिनिधियों और भामाशाहों ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद



करौली में श्रीराजपूत सभा का 9वां सामूहिक विवाह सम्मेलन

वीणा शिक्षा संकुल में हुआ। इसमें 16 जोड़ों की शादी हुई। जनप्रतिनिधियों, समाज के पदाधिकारियों और भामाशाहों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय के पीछे स्थित वीणा शिक्षा संकुल में हुआ। समाज के नवनिर्वाचित पार्षदों, सरपंचों और अन्य जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा, राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष अजय सिंह और श्रीराजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई मौजूद रहे। करौली नगर परिषद सभापति सुनील सैनी और उपसभापति अमीनुद्दीन ने भी समारोह में हिस्सा लिया।

समाज के नवनिर्वाचित पार्षदों, सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और भामाशाहों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी शुरू करने के लिए घरेलू

— Vipin Singhal

सम्मेलन शुरू: करौली में मालीं सैनी कुशवाहा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़े लेंगे 7 फेरे



करौली में माली सैनी कुशवाहा समाज के 8वें सामूहिक

विवाह सम्मेलन की शुरुआत शुक्रवार को 411 महिलाओं की कलश यात्रा और गणेश स्थापना के साथ हुई। शनिवार को देवउठनी एकादशी पर 19 जोड़े वैदिक रीति-रिवाज से विवाह करेंगे।

महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सेलोकर वाले हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। पंडित राजेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रों के साथ धार्मिक अनुष्ठान कराए। मुख्य कलश की पूजा के बाद मंदिर से यात्रा रवाना हुई।

जयकारों की रही गूंज

यात्रा मेडिकल कॉलेज, पुलिस लाइन, डीटीओ कार्यालय और औषधालय से होते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान के छात्रावास परिसर पहुंची। इसमें शामिल महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। पुरुष बैंड-बाजे के साथ गंगा मैया और देवी-देवताओं के जयकारे लगा रहे थे।

— Vipin Singhal

बिना रूपांतरण कृषि जमीन पर गैर-कृषि काम करने पर प्रशासन करेगा कार्रवाई



सपोटरा उपखंड क्षेत्र में कृषि भूमि का बिना रूपांतरण कराए व्यावसायिक, आवासीय, अन्य गैर-कृषि गतिविधियों में उपयोग करने वालों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करेगा। उपखंड अधिकारी अनूप सिंह ने तहसीलदार सपोटरा, नायब निर्देश जारी किए

एसडीएम के मुताबिक उपखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर कृषि भूमि का नियमानुसार रूपांतरण कराए बिना अकृषि काम में उपयोग हो रहा है। इससे राजस्व नियमों का उल्लंघन हो रहा है। राज्य सरकार को देय रूपांतरण शुल्क के राजस्व में भी नुकसान हो रहा है। एसडीएम ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में ऐसी कृषि भूमियों का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए हैं। जांच कराने को कहा है। बिना रूपांतरण अकृषि उपयोग की सूचना संकलित करने को कहा है। संबंधित खातेदारों को नियमानुसार भूमि का रूपांतरण कराने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए हैं।

— Vipin Singhal

सपोटरा के मुख्य बाजार में जाम से राहगीर हो रहे हैं परेशान



सपोटरा | कस्बे के मुख्य बाजार में रोज लगने वाला जाम लोगों के लिए परेशानी बन रहा है। जगह-जगह ठेले लगने और वाहनों के आड़ा-तिरछा खड़े होने से सड़क संकरी हो जाती है। कई बार घंटों यातायात ठप रहता है। नारौली मोड पर भी हालात बिगड़े रहते हैं। स्कूल बसों के एक साथ गुजरने पर जाम और बढ़ जाता है, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को दिक्कत होती है। शादी के सीजन में भीड़ बढ़ने से दबाव बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने बाजार और नारौली मोड़ पर यातायात पुलिस तैनात करने, ठेलों को तय स्थान पर लगाने और अव्यवस्थित पार्किंग पर कार्रवाई की मांग की है।

— Vipin Singhal

सांदेग्ध अवस्था में हुई मौत,पीहर पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप



राजाखेड़ा में 20 वर्षीय विवाहिता के संदिग्ध अवस्था में हुई मौत,पीहर पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव घना का पुरा में आज एक 20 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है, इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार मृतका का शव घर में जमीन पर पड़ा हुआ मिला मृतका की शादी 22 नवम्बर 2025 को हुई थी। घटना की सूचना मिलने पर राजाखेड़ा थाना पुलिस ने विवाहिता के शव को अपने कब्जे में लेकर कस्बे के शहीद राघवेंद्र सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया जहां पीहर पक्ष की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान चांदनी पत्नी डोंगरसिंह सिंह निवासी घना के रूप में हुई है। इस घटना को लेकर मृतका के चाचा विजय सिंह की ओर से पीहर पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए राजाखेड़ा थाना पुलिस में शिकायती दी है,पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

— Jaypal Singh

शिक्षा

एनटीए ने यूजीसी नेट (दिसंबर) 2026 की विषयवार परीक्षा कार्यक्रम जारी किया



एनटीए ने यूजीसी नेट (दिसंबर) 2026 परीक्षा का विषयवार कार्यक्रम आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया है। इस घोषणा में परीक्षा के लिये निर्धारित तिथियों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। दिसंबर तक आयोजित होगा, जबकि अतिरिक्त सत्र 21 दिसंबर को निर्धारित किया गया है। प्रत्येक विषय की परीक्षा इन तिथियों में अलग-अलग समय-स्लॉट में आयोजित की जाएगी, जिससे उम्मीदवारों को अपने विषय के अनुसार योजना बनाने में सुविधा होगी।

उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे आधिकारिक वेबसाइट से अपने विषय के समय-सारणी को सावधानीपूर्वक जांचें और समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें। यह कार्यक्रम सभी पात्र अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिये आवश्यक समय-सारणी प्रदान करता है।

— Shivraj Yadav, जयपुर

स्थानीय

वार्ड नंबर 6 में खराब हैंड पंप की मरम्मत, वार्ड पार्षद शैतान कुमार ने कार्य करवाया



वार्ड नंबर 6 में स्थित खराब हैंड पंप की तत्काल मरम्मत की गई। इस कार्य को वार्ड पार्षद शैतान कुमार ने स्वयं स्थल पर उपस्थित होकर संचालित कराया

पंप के ख़राब होने से स्थानीय निवासियों को जल आपूर्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। वार्ड पार्षद ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए तुरंत मरम्मत कार्य का आदेश दिया और स्वयं निरीक्षण किया।

मरम्मत के बाद पंप पुनः कार्यशील हो गया, जिससे वार्ड के लोगों को साफ़ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। इस पहल से स्थानीय प्रशासन की तत्परता और जनता के प्रति जिम्मेदारी का स्पष्ट प्रमाण मिला।

— NARAYAN LAL